Ministry of Culture
Government of India

डॉ. के. श्रीनिवासराव
सचिव
Dr. K. Sreenivasarao
Secretary

आज़ादी का अमृत महोत्सव

साहित्य अकादेमी
(राष्ट्रीय साहित्य संस्थान)
संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार की स्वायत्तशासी संस्था
Sahitya Akademi
(National Academy of Letters)
An Autonomous Organisation of Government of India, Ministry of Culture

प्रेस विज्ञप्ति

साहित्य अकादेमी बाल साहित्य पुरस्कार 2023 अर्पण समारोह बृहस्पतिवार को

23 भारतीय भाषाओं के बाल साहित्यकार होंगे पुरस्कृत

शुक्रवार को पुरस्कृत रचनाकार अपने रचनात्मक अनुभव साझा करेंगे

नई दिल्ली। 07 नवंबर 2023; साहित्य अकादेमी द्वारा प्रतिवर्ष दिए जाने वाले प्रतिष्ठित बाल साहित्य पुरस्कार 2023 बृहस्पतिवार (9 नवंबर 2023) को सायं 5.00 बजे तानसेन मार्ग स्थित त्रिवेणी सभागार में आयोजित हो रहे एक भव्य समारोह में प्रदान किए जाएँगे।

पुरस्कार साहित्य अकादेमी के अध्यक्ष माधव कौशिक द्वारा प्रदान किए जाएँगे। पुरस्कार समारोह के मुख्य अतिथि प्रख्यात अंग्रेज़ी लेखक और विद्वान हरीश त्रिवेदी होंगे तथा साहित्य अकादेमी की उपाध्यक्ष कुमुद शर्मा समापन वक्तव्य देंगी।

बाल साहित्य पुरस्कार 2023 प्राप्त करने वाले लेखक हैं – रथींद्रनाथ गोस्वामी (असमिया), श्यामलकांति दाश (बाङ्ला), प्रतिमा नंदी नार्जारी (बोडो), बलवान सिंह जमोड़िया (डोगरी), सुधा मूर्ति (अंग्रेज़ी), रक्षाबहेन प्र. दवे (गुजराती), सूर्यनाथ सिंह (हिंदी), विजयश्री हालाडि (कन्नड), तुकाराम रामा शेट (कोंकणी), अक्षय आनंद 'सन्नी' (मैथिली), प्रिया ए.एस. (मलयाळम्), दिलीप नाङ्माथम (मणिपुरी), एकनाथ अव्हाड (मराठी), मधुसूदन बिष्ट (नेपाली), जुगल किशोर षडंगी (ओड़िआ), गुरमीत कड़िआलवी (पंजाबी), किरण बादल (राजस्थानी), राधावल्लभ त्रिपाठी (संस्कृत), मानसिंह माझी (संताली), ढोलन राही (सिंधी), के. उदयशंकर (तमिळ), डी.के. चादुवुल बाबु (तेलुगु) और स्वर्गीय मतीन अचलपुरी (उर्दू)।

इस वर्ष कश्मीरी में कोई पुरस्कार नहीं दिया गया है।

10 नवंबर 2023 को पुरस्कृत बाल साहित्यकारों के साथ "लेखक सम्मिलन" का आयोजन साहित्य अकादेमी के प्रथम तल स्थित सभागार में किया गया है। इसमें पुरस्कार विजेता अपने स्वीकृति वक्तव्य तथा रचनात्मक लेखन के अनुभवों को साझा करेंगे। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता साहित्य अकादेमी की उपाध्यक्ष कुमुद शर्मा करेंगी।

(के. श्रीनिवासराव)